जागरण

जौनपुर में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, शमशाद और इरफान अहमद हुए गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 27 Nov 2019 06:59 PM (IST)

पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8100 रुपये के नकली नोट भी बरामद किए हैं।

जौनपुर, जेएनएन। पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8100 रुपये के नकली नोट भी बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान कंप्यूटर और हाई क्वालिटी का स्कैनर, प्रिंटर व इंक समेत अन्य उपकरण बरामद जब्त किया गया है। आरोपितों का नाम बक्शा थाना क्षेत्र के महिमापुर खुर्द निवासी शमशाद और चकइंग्लिश खुर्द निवासी इरफान अहमद है।

इरफान अहमद के पास से 100 रुपये के 23 नकली नोट और मोबाइल समेत एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपित शमशाद को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भी 100 रुपये के 58 नकली नोट समेत तकरीबन 38 हजार रुपये नकद बरामद किया गया। बुधवार शाम चार बजे मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी डा. अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों ही नकली नोट छापने के गैरकानूनी कार्य में पिछले काफी समय से लगे थे, जिन्हें मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पकड़ा गया। एसपी सिटी ने कहा कि पूछताछ में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जल्द ही पूर्वांचल में नकली नोट के कारोबार से जुड़े कुछ और लोगाें की भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/varanasi-city-two-fake-currency-maker-arrest-in-jaunpur-19794128.html